महत्वपूर्ण एवं खास

कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आनलाईन आवेदन 15 दिसम्बर तक

बेमेताबेमेतरा (आरएनएस)। जवाहर नवोदय विद्यालय खिलोरा तहसील बेमेतरा, जिला बेमेतरा के लिए सत्र 2019-20 के लिए कक्षा छठवीं में रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु चयन परीक्षा 06 अप्रैल 2019 को आयोजित होगी। कलेक्टर एवं नवोदय विद्यालय संस्था के अध्यक्ष महादेव कावरे ने बताया कि चयन परीक्षा हेतु आवेदन-पत्र केवल आनलाईन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट नवोदय डाट जीओव्ही डाट इन पर 15 दिसम्बर 2018 तक निःशुल्क भरे जा सकते है। उन्होंने बताया कि जो छात्र-छात्राएं बेमेतरा जिले के शासकीय/अशासकीय विद्यालय में सत्र 2018-19 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत् है वे ही विद्यार्थी कक्षा छठवीं के लिए आनलाईन आवेदन-पत्र भर सकते है। पूर्व में यह तिथि 30 नवम्बर 2018 तक निर्धारित थी, यह तिथि अब 15 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी की जन्मतिथि एक मई 2006 से 30 अप्रैल 2010 (दोनों दिन समावेशी है) के मध्य होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर - 9424244628, 9399532137, 9340196648, 9399363378 एवं 6263038025 पर संपर्क किया जा सकता है।

जिले में महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा बढ़ावा

नारायणपुर (आरएनएस)। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने बुधवार को ओरछा दौरे के लौटते वक्त छोटेडोंगर में स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए बनाये जा रहे निर्माणाधीन प्रशिक्षण भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कई काम किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि कुछ माह पहले चार स्व सहायता समूह की महिलाओं को सवारी वाहन प्रदाय की गई है। जिसका संचालन वे सफलता पूर्वक कर रही है। वही स्थानीय मड़ई-मेले में भी महिलाओं को सायकल पार्किंग के ठेके भी प्राथमिकता के आधार पर दिए जा रहे है। पिछले वर्ष माता मावली मेले में भी स्व सहायता समूह की महिलाओं को सायकल स्टैण्ड (पार्किंग) का ठेका दिया गया था, जिसका उन्होंने सही ढंग से निभाया। समूह की आमदनी में भी इजाफा किया। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने भवन निर्माण के लिए एनएमडीसी और सीएसआर मद से 50 लाख रूपये की राशि स्वीकृत दी है। यह भवन लगभग 700 वर्गमीटर में बन रहा है। कलेक्टर ने मौके पर अधिकारियों को प्रशिक्षण भवन का काम पूरी गुणवत्ता के साथ समय--सीमा में पूरा करने की हिदायत दी। यह भवन स्व सहायता समूह की महिलाओं के प्रशिक्षण बैठक आदि के लिए बनाया जा रहा है। इसके बन जाने से बिहान समूह की महिलाओं को एक जगह प्रशिक्षण देने और अपनी कार्य योजना, बैठक इत्यादि करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चौबे, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता एस.सी साहू मौजूद थे।

बालको खान ने जीता आईसीसी पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार-2018

बालकोनगर (आरएनएस)। खान प्रचालन एवं प्रक्रिया में औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वर्ष 2018 का आई.सी.सी. पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार जीता। बालको के छत्तीसगढ़ खदान के एच.एस.ई. प्रमुख प्रमोद रंजन एवं कवर्धा खदान के सहायक प्रबंधक आकाश भारत ने नीति आयोग के अतिरिक्त सचिव एवं आई.ए.एस. यदुवेंद्र माथुर के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के कांसुलेट जनरल सु पैटी हॉफमैन, इंडियन चेंबर ऑफकॉमर्स (आई.सी.सी.) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मयंक जालान एवं आई.सी.सी. के महानिदेशक राजीव सिंह मौजूद थे। आई.सी.सी. द्वारा देश के शीर्ष नीति निर्धारकों के मार्गदर्शन में सतत अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन, शोध, पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठी सत्र, कार्यशालाएं, सम्मेलन, प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते हैं। आई.सी.सी. की ओर से प्रति वर्ष यह पुरस्कार ऐसे उद्योगों एवं संगठनों को दिया जाता है जो अपनी प्रचालन प्रक्रियाओं में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का ध्यान रखते हैं।

11 को मतगणना दिवस पर मदिरा दुकाने बंद रहेगी

दुर्ग (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी उमेश अग्रवाल ने विधानसभा निर्वाचन-2018 के अतंर्गत 11 दिसंबर को होने वाले मतगणना दिवस पर संबंधित मतगणना स्थल क्षेत्रों के सभी प्रकार के मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। विधानसभा चुनाव-2018 मतगणना स्थल शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज जुनवानी भिलाई में होना नियत है। मतगणना स्थल नगर निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत सभी प्रकार की समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकाने एवं अन्य प्रतिष्ठानों को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 2 को

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 2 दिसंबर को तीर्थराज पैलेस, आदर्श नगर, दुर्ग में दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच से विधान सभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी, उनके प्रमुख समर्थक, कार्यकर्ता के अलावा मंच के प्रदेश स्तर के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में विधान सभा चुनाव में मंच की उपलब्धि की समीक्षा की जायेगी, इसके अलावा लोकसभा चुनाव 2019 में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के प्रत्याशी खड़े करने पर भी चर्चा होगी।

कबीरधाम जिले का आर्दश मतदान केन्द्र महली रहा प्रदेश में प्रथम स्थान पर

कवर्धा (आरएनएस)। विधानसभस निर्वाचन 2018 के लिए बनाएं गए कबीरधाम जिले का आर्दश मतदान केन्द्र क्रमांक 175 महली (प्राथमिक शाला) प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आर्दश मतदान केन्द्र बनाने के निर्देश थे। कबीरधाम जिले के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार शरण द्वारा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों कवर्धा एवं पंडरिया में पांच-पांच आर्दश मतदान केन्द्र बनाएं गए थे। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 85 पंडरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 130 पांडातराई, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 कुंडा मतदान केन्द्र क्रमांक 175 महली और मतदान केन्द्र क्रमांक 379 रणवीरपुर इसी तरह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र क्रमांक 227 प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा, मतदान केन्द्र क्रमांक 234 शासकीय कन्या स्कूल, मतदान केन्द्र क्रमांक 258 बिरकोना, मतदान केन्द्र क्रमांक 261 धरमपुरा और मतदान केन्द्र क्रमांक 262 धरमपुरा को

आर्दश मतदान केन्द्र बनाया गया था। इन मतदान केन्द्रों में आयोग के अनुपालन में मतदान केन्द्रों का विशेष आकर्षक साज-सज्जा और मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। मतदान के लिए सेल्फी जोन बनाया गया था। दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। आर्दश मतदान केन्द्रों में मतदान करने आएं मतदाताओं का स्वागत किया गया। पंडरिया विधानसभा के प्रेक्षक कैलाश जाधव ने अवलोकन कर महली आर्दश मतदान केन्द्र के साज-सज्जा और विशेष व्यवस्था की प्रशंसा भी की थी। पंडरिया जनपद पंचायत के सीईओ नवीन कुमार भट्ट ने बताया कि कलेक्टर अवनीश कुमार शरण और जिला पंचायत सीईओ कुंदन कुमार के विशेष मार्गदर्शन में महली सहित विधानसभा के अन्य आर्दश मतदान केन्द्रों में विशेष साज-सज्जा और आयोग के अनुपालन में अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। उन्होंने बताया कि आर्दश मतदान केन्द्र में बुजुर्ग मतदाताओं का स्वागत अभिनंदन कर मतदान प्रारंभ किया गया, जो पहली बार मतदान करने आये उन पांच मतदाताओं का अभिवादन सत्कार कर धन्यवाद कार्ड देकर उनका अभार व्यक्त किया गया। इसी तरह आर्दश मतदान केन्द्र में आर्दश संगवारी, पूछताछ केन्द्र, बच्चों के खेलने के लिए खेल केन्द्र, पानी का विशेष व्यवस्था, विशेष रूप से स्वागत द्वार बनाया गया था।

जनवरी में होगा वाराणसी, आगरा एवं मेरठ में गीत रामायण का कार्यक्रम : राज्यपाल

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजभवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मराठी गीत रामायण के रचियता स्वर्गीय जीडी माडगुलकर एवं गायक स्वर्गीय सुधीर फड़के की जन्मशती के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप गीत रामायण पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। वाराणसी में यह कार्यक्रम 10-11 जनवरी 2019, आगरा में 13-14 जनवरी 2019 तथा मेरठ में 16-17 जनवरी 2019 होगा को, जिसमें स्वर्गीय जीडी माडगुलकर के पुत्र आनन्द माडगुलकरतथा स्वर्गीय सुधीर फड़के के पुत्र श्रीधर फड़के अपनी प्रस्तुति देंगे। 19 जनवरी, 2019 को आनन्द माडगुलकर राजभवन में एक दिवसीय हिन्दी भाषा में गीत रामायण की प्रस्तुति भी देंगे।

बैठक में भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय, लखनऊ की कुलपति श्रुति सडोलीकर काटकर, अध्यक्ष महाराष्ट्र समाज आगरा अभय पोलावे, संगठन मंत्री सुरेश मोरे, मराठी समाज वाराणसी के संतोष पाटिल व काशी गणेश उत्सव कमेटी वाराणसी के अशोक नेने, महाराष्ट्र समाज लखनऊ के सचिव दिनेश जोशी एवं डॉ. बीएन मिश्र सहित मराठी समाज से जुड़े अन्य लोग भी उपस्थित थे। नाईक ने कहा कि वाराणसी, आगरा व मेरठ में गीत रामायण का कार्यक्रम निर्धारित स्थान पर सायं 7.00 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करने केलिये संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी एवं महापौर, वहां स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपति से भी सहयोग लिया जायेगा।

शादी समारोह, आयोजन की पूर्व जानकारी निगम को दें

शादी समारोहों, आयोजनों के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का निष्पादन यूजर चार्जेज के आधार पर करेगा निगम

कोरबा (आरएनएस)। नगर निगम कोरबा द्वारा शादी समारोहों या ऐसे सभी आयोजनों जिनमें विभिन्न प्रकार का सूखा व गीला कचरा उत्सर्जित होता है, के आयोजकों से कहा गया है कि वे विवाह घरों, सामाजिक सामुदायिक भवनों, मैदानों, धर्मशाला तथा अन्य स्थानों पर आयोजित होने वाले शादी समारोह व आयोजनों की पूर्व जानकारी निगम को अनिवार्य रूप से देंवे ताकि इन आयोजनों के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का समुचित रूप से निष्पादन यूजर चार्जेज के आधार पर निगम द्वारा सुनिश्चित किया जा सके।

आयुक्त रणबीर शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के संबंध में आवश्यक तैयारियां निगम द्वारा की जा रही हैं, इसी कड़ी में शहर से उत्सर्जित होने वाले सूखे व गीले कचरे के समुचित निष्पादन की दिशा में भी व्यापक रूप से कार्य किए जा रहे हैं। शादी समारोहों एवं बड़े आयोजनों के दौरान उत्सर्जित होने वाले सूखे व गीले कचरे का समुचित रूप से निष्पादन की व्यवस्था आयोजकों द्वारा न किया जाना एक बड़ी समस्या है तथा इसका प्रतिकूल प्रभाव साफ-सफाई व्यवस्था पर पड़ता है। निगम में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि विवाह घरों, सामाजिक सामुदायिक भवनों, धर्मशाला, होटल, मैदान आदि में आयोजित होने वाले शादी समारोहों, सामाजिक व सार्वजनिक आयोजनों के दौरान उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट के समुचित निष्पादन के लिए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा यूजर चार्जेज के आधार पर व्यवस्था की गई है तथा इस हेतु निगम द्वारा दरें निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि समारोह के प्रतिदिन के लिए निगम द्वारा 1000 रूपये की दर निर्धारित की गई है, इस राशि को निगम कोष में जमा करने पर निगम द्वारा आयोजन स्थल पर वाहन या कन्टेनर उपलब्ध कराया जाएगा तथा इस दौरान संग्रहित कचरे का उचित निष्पादन निगम स्वयं करेगा।

यूपी के 75 बीमार व्यक्तियों को मिली 01 करोड़ रु. की सरकारी सहायता

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गम्भीर बीमारियों से ग्रसित विभिन्न जनपदों के 75 व्यक्तियों को 01 करोड़ 01 लाख 33 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी गई है । यह जानकारी देते हुए राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि लाभार्थियों में जनपद बस्ती की कु. शालू, वाराणसी की शहनाज तथा इटावा के सत्य पी. गुप्ता आदि शामिल हैं।

सबसे अंतिम में आएगा रायपुर दक्षिण और पश्चिम विधानसभा का परिणाम

रायपुर (आरएनएस)। 11 दिसंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियों में जिला निर्वाचन अधिकारी जुट गए हैं। जिले के सातों विधानसभा में कहीं 16 तो कहीं 24 चक्रों में मतगणना होगी। इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश दिया गया है।

11 दिसंबर को होने वाली मतों की गणना के लिए मतगणना दल बनाने और मतगणना स्थल पर विधानसभावार टेबल सजाने तथा अन्य व्यवस्था करने का काम शुरू कर दिया गया है।

विधानसभावार ईवीएम की गणना 14-14 टेबल लगाकर की जाएगी। सबसे कम राउंड रायपुर दक्षिण और पश्चिम विधानसभा में होगा, लेकिन प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने के कारण दोनों विधानसभा का परिणाम सबसे आखिरी में आएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय ने बताया कि रायपुर के सातों

विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए अलग-अलग टेबल लगाए गए हैं, जहां ईवीएम और वीवीपेट में डाले गए वोटों की गिनती की जाएगी।

11 दिसंबर को मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। मतगणना में सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। इसके बाद ही कंट्रोल यूनिट से मतगणना शुरू होगी।

विधानसभा के हर बूथ से होंगे एजेंट

प्रत्याशियों के एजेंटों की नियुक्ति के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा आवेदन मंगाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। बताया गया है कि विधानसभा के हर बूथ से एक एजेंट और हर पंद्रह बूथ में एक एआरओ एजेंट नियुक्त किया जाता है। इसके आधार पर राष्ट्रीय पार्टियों ने अपने एजेंटों के नाम और फोटो रिटर्निंग अधिकारी को भेज रहे हैं।

मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की छूट

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मीडिया सेंटर में कम्प्यूटर और इंटरनेट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की छूट रहेगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा।

बेहद शरारती हैं अनुष्का शर्मा

ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा कितनी टैलंटेड हैं, यह तो आप फिल्मों में देख ही चुके हैं। टैलंटेड होने के साथ वह बेहद शरारती भी हैं, जिसका सुबूत आप यहां इस क्लिप में देख सकते हैं।

बीते दिनों सिंगापुर के मैडम तुसाद म्यूजियम में अनुष्का अपने वैक्स स्टैचू का अनावरण करने पहुंची थीं। म्यूजियम में रखा उनका स्टैचू ऐसा बनाया गया है जैसे वह किसी के साथ सेल्फी ले रही हों। अनुष्का अपना स्टैचू देख काफी खुश हुईं, इसी बीच उन्हें शैतानी सूझी।

म्यूजियम में अनुष्का के फैंस पहुंचे थे और वहां उनके साथ अनुष्का ने प्रैंक किया। म्यूजियम में रखे पुतलों के साथ अनुष्का स्टैचू की तरह खड़ी हो गईं। उनके फैंस उन्हें स्टैचू समझकर उनके साथ सेल्फी लेने लगे और अनुष्का ने इसी बीच उन्हें चौंका दिया।

स्टैचू की जगह जीती-जागती अनुष्का को देखकर उनके फैंस काफी एक्साइटेड हो गए। अनुष्का ने अपने स्टैचू के साथ भी खूब मस्ती की।

साथ नजर आएगी आमिर अली और संजीदा शेख की स्टार जोड़ी

'बस एक बार' और उसके सीक्वेल 'अजबनी' गानों के कई वीडियो में साथ काम करने के बाद स्टार जोड़ी आमिर अली और संजीदा शेख एक बार फिर गायक सोहन नायक के नवीनतम गाने 'तुम आओगे' के वीडियो में साथ नजर आएंगे।

यह सीरीज के आखिरी संस्करण का एक रोमांटिक गाना है, जिसे कुणाल वर्मा ने लिखा और अनुराग सैकिया ने कंपोज किया है।

आमिर ने एक बयान में कहा, ''हम सब अंतिम गाने के बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मेरे लिए पत्नी संजीदा के शूटिंग करना एक अद्भुत अनुभव था। अब यह एक शानदार संगीत श्रृंखला बन गया है।''

उन्होंने कहा, ''आखिरकार, हम 'बस एक बार' के तीसरे संस्करण के लिए आ रहे हैं, जिससे 'तुम आओगे' नाम दिया गया है। आमिर और मैं एक बार फिर हर किसी की प्रतिक्रिया देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं।''

यह म्यूजिक वीडियो टाइम्स म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगा तथा इसका ऑडियो गाना ऑरिजिनल सीजन 2 में सुना जा सकेगा।

नायक ने कहा, ''मैं तीसरे और अंतिम संस्करण को रिकार्ड करने के बाद बेहद अच्छा महसूस कर रहा हूं। हमेशा की तरह गाने के बोल बेहद अर्थपूर्ण और शक्तिशाली हैं।''

गैजेट छोड़ आउटडोर गेम्स खेलें : विद्या बालन

अभिनेत्री विद्या बालन ने बच्चों से शारीरिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि बच्चे गैजेट्स को छोड़कर आउटडोर गेम्स ज्यादा खेलें। विद्या ने कहा, आज के माहौल में बच्चों के लिए बाहरी गतिविधियां सीमित हो गई हैं क्योंकि वे ज्यादातर समय स्मार्टफोन या अन्य गैजेट्स के साथ व्यस्त रहते हैं। बच्चों को घर पर बैठकर और गैजेट पर गेम खेलने के बजाए बाहरी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए।

विद्या, अभिनेता तुषार कपूर के साथ बच्चों के फिटनेस कार्निवल जूनियर्थन से जुड़ी हुई हैं। इस पहल के समर्थन में तुषार ने कहा, जूनियर्थन अच्छा कॉन्सेप्ट है। मुझे खुशी है कि वे बच्चों के लिए कुछ कर रहे हैं। यह पहल सभी बच्चों को शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने का एक बेहतरीन उपाय है।